# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–04 अक्टूबर 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग– लघु सिंचाई की उच्चस्तरीय समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एक रिपोर्ट

***मुख्यमंत्री ने कहा है कि चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप केवल पानी रोकने की व्यवस्था नहीं बल्कि समेकित जल प्रबंधन है, जो बड़े बांधों की तुलना में काफी किफायती है। उन्होंने निर्देशित किया कि 'एक पेड़ मां के नाम' की तर्ज पर चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया जाए। यह न केवल जल संकट से निपटने में सहायक होगा, बल्कि प्रदेश की कृषि, मत्स्य पालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वर्षा जल संचयन और ग्राउंड वॉटर रिचार्जिंग की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार कदम उठा रही है। वित्तीय वर्ष 2022–23 से अब तक 1 हजार 2 चेकडैमों की डी–सिल्टिंग और मरम्मत कर उनकी क्षमता में वृद्धि की गई है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।***

उधर, मुख्यमंत्री ने आज राजकीय नलकूपों के जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ भी बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि नलकूपों से पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए वैज्ञानिक पद्धति अपनाई जाए और जल संरक्षण की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, बाण सागर और मध्य गंगा जैसी प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

**********

प्रदेश सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के दिन सात अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस दिन सभी स्कूल, कॉलेज और सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। आज सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। बीते वर्षों में वाल्मीकि समाज के द्वारा सरकार से महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग की जा रही थी। जिसपर प्रदेश सरकार ने अब आदेश जारी कर दिया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। वाणिज्यिक माल वाहनों पर कर कटौती से संबंधित एक रिपोर्ट।

**रसद और परिवहन क्षेत्र को बड़ी राहत देते हुए, सरकार ने ट्रकों और वैन सहित वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों पर कर की दर कम कर दी है। छोटे और मध्यम परिवहन ऑपरेटरों की परिचालन लागत कम करने और देश भर में माल की आवाजाही को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। यह कटौती भारत के परिवहन और रसद क्षेत्र को पुनर्जीवित करेगी। इसके अलावा जीएसटी कम होने से ट्रकों की अग्रिम पूंजीगत लागत में कमी आएगी और प्रति टन किलोमीटर माल ढुलाई की दरें कम होंगी। इस कदम से देश की आपूर्ति श्रृंखला में तेजी आएगी और निर्यात प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा। शिवांग मिश्रा आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज बताया है कि दुनिया भर में प्रतिवर्ष 5 अक्टूबर को मनाए जाने वाले ग्लोबल मैमल बिग डे के अवसर पर ओखला बर्ड सैंक्चुअरी में विशेष ईको रन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म और ग्लोबल वाइल्ड लाइफ फेयर के सहयोग से किया जा रहा है। इस ईको रन का उद्देश्य सिर्फ दौड़ना नहीं, बल्कि प्रकृति और स्तनधारी जीवों के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में जवाहर नगर गुरूधाम स्थित संसदीय जनसम्पर्क कार्यालय में आज प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने आम जन की फरियाद सुनी। कैबिनेट मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार के प्राथमिकता में है।

**********

जौनपुर के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान द्वारा आज मूट कोर्ट विषय पर एक ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम बघेल ने कहा कि मूट कोर्ट विधि छात्रों के व्यावहारिक प्रशिक्षण की रीढ़ है और इसके माध्यम से छात्र न्यायालय के वातावरण का वास्तविक अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मूट कोर्ट के माध्यम से छात्रों में तर्कशक्ति, प्रस्तुति क्षमता, कानूनी विश्लेषण और न्यायिक सोच का विकास होता है।

**********

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आज सुबह से ही रूक रूक कर हो रही बारिश का सिलसिला जारी है। भारी बारिश और ठंडी हवाओं से आम लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है, वहीं कई जनपदों के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई है।

वाराणसी में बीते 24 घंटे में 140.8 मिलीमीटर की रिकार्ड बारिश से आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 125 साल की बारिश का रिकॉर्ड टूट गया है। इसी के साथ ही चंदौली, मऊ, गोरखपुर, देवरिया, बलिया और कुशीनगर समेत आसपास के जनपदों में भी आज सुबह से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के विभिन्न इलाकों में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**********